**भारत सरकार**
**केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान**
**कांके, रांची–834 006 (झारखंड)**

## स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में प्रवेश–2025 सत्र

केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान में राँची विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सत्र **2 जून 2025** से शुरू होने वाले निम्नलिखित स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए देश के विभिन्न शहरों ( मुंबई, नई दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद, बैंगलोर, और राँची ) में आयोजित होने वाली ऑनलाइन अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं –

### ग्रुप–ए

1. **नैदानिक मनोविज्ञान में पी.एच.डी. – 4 सीटें (कोई आरक्षण नहीं)**

   अवधि – 02 वर्ष

   योग्यता – विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम.फिल. (चिकित्सा एवं सामाजिक मनोविज्ञान/ नैदानिक मनोविज्ञान)

2. **नैदानिक मनोविज्ञान में एम.फिल. – 21 सीटें (अनारक्षित–09, ई.डब्ल्यू.एस.–02, अ.पि.वर्ग–05, अनु.जा.–03, अनु.ज.जा.–02) (शारीरिक दिव्यांग–01)**

   अवधि – 2 वर्ष

   योग्यता – विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कुल 55 प्रतिशत अंकों के साथ **(अनारक्षित वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. के लिए)** एवं 50 प्रतिशत अंको के साथ **( अ.पि.वर्ग, अनु.जाति एवं अनु.जनजाति के लिए)** मनोविज्ञान में एम.ए./एम.एस.सी.।

### ग्रुप–बी

3. **मनोचिकित्सीय सामाजिक कार्य (पी.एस.डब्लू) में एम.फिल. 15 सीटें ( अनारक्षित –07, ई.डब्ल्यू.एस.–01, अ.पि.वर्ग–04, अनु.जा.–02, अनु.ज.जा.–01) (शारीरिक दिव्यांग–01)**

   अवधि – 2 वर्ष

   योग्यता – विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कुल 55 प्रतिशत अंकों के साथ **(अनारक्षित एवं ई. डब्ल्यू.एस. के लिए)** एवं 50 प्रतिशत अंको के साथ **( अ.पि.वर्ग, अनु.जाति एवं अनु.जनजाति के लिए)** सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर।

### ग्रुप–सी

4. **मनोचिकित्सा नर्सिंग में डिप्लोमा (डी.पी.एन.) – 23 सीटें ( अनारक्षित –10, ई.डब्ल्यू.एस.–02, अ.पि. वर्ग–06, अनु.जा.–03, अनु.ज.जा.–02) (शारीरिक दिव्यांग–01)**

   अवधि – 1 वर्ष

   योग्यता – जेनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी में 'ए' ग्रेड सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा।

**ग्रुप 'ए' एवं 'बी':** चयनित उम्मीदवारों को रु. 25000/– प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाएगी।
**ग्रुप 'सी':** चयनित उम्मीदवारों को रु. 2500/– प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाएगी।

**नैदानिक मनोविज्ञान में पी.एचडी. एवं नैदानिक मनोविज्ञान में एम.फिल.:** इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 100 बहु विकल्पीय प्रश्नों पर आधारित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा होगी, जिसका उत्तर 60 मिनट में देना होगा (100 अंक)। इस लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को साक्षात्कार एवं व्यावहारिक परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा (50 अंक)। लिखित परीक्षा में एम.ए./एम.एससी. स्तर के प्रश्न होंगे। पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों का अंतिम चयन प्रवेश–परीक्षा, साक्षात्कार एवं व्यावहारिक परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर किया जाएगा।

**एम.फिल. (पी.एस.डब्लू.):** इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 100 बहु विकल्पीय प्रश्नों पर आधारित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा होगी, जिसका उत्तर 60 मिनट में देना होगा (100 अंक)। इस लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। लिखित परीक्षा में एम.एस.डब्लू. स्तर के प्रश्न होंगे (50 अंक)। पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों का अंतिम चयन प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार/व्यावहारिक परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर किया जाएगा।

**मनोचिकित्सा नर्सिंग में डिप्लोमा:** इस पाठ्यक्रम में कोई लिखित प्रवेश परीक्षा नहीं होगी। उम्मीदवारों का चयन संस्थान में आयाजित साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। (50 अंक)

**ध्यान दें:**

**पी.एचडी.– (नैदानिक मनोविज्ञान)** : दिनांक 31.03.2025 तक या इससे पूर्व एम.फिल. (चिकित्सा एवं सामाजिक मनोविज्ञान/नैदानिक मनोविज्ञान) उतीर्ण होने का प्रमाण पत्र उम्मीदवार के पास उपलब्ध होना चाहिए।

**एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)** : मनोविज्ञान में एम.ए./एम.एससी इस परीक्षा का परिणाम दिनांक 31.03.2025 तक या इससे पूर्व उतीर्ण होने का प्रमाण पत्र उम्मीदवार के पास उपलब्ध होना चाहिए।

**एम.फिल. (पी.एस.डब्लू.):** सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर परीक्षा का परिणाम दिनांक 31.03.2025 तक या इससे पूर्व उतीर्ण होने का प्रमाण पत्र उम्मीदवार के पास उपलब्ध होना चाहिए।

**मनोचिकित्सा नर्सिंग में डिप्लोमाः** जेनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी में 'ए' ग्रेड सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा का प्रमाण पत्र उम्मीदवार के पास दिनांक 31.03.2025 तक या इससे पूर्व उपलब्ध होना चाहिए।

**उपर्युक्त मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। प्रत्येक विषय में सीटों की संख्या बिना कोई कारण बताए परिवर्तन के अधीन है।**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के लिए क्रमशः 15 प्रतिशत, 7½ प्रतिशत 27 प्रतिशत और 10 प्रतिशत सीटें इस प्रकार के उम्मीदवारों की उपलब्धता की स्थिति में आरक्षित है। शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए इस प्रकार के उम्मीदवारों की उपलब्धता की स्थिति में 5 प्रतिशत समस्तर आरक्षण होगा (सिर्फ निचले अंगों के 50 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक गमनीय अपंगता के लिए अथवा इस संबंध में भारत सरकार के नियमों के आधार पर)। यदि उम्मीद्वार 50 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक के बीच में नहीं मिलते हैं तो 40 प्रतिशत से ज्यादा और 50 प्रतिशत से कम दिव्यांगता वाले उम्मीद्वार को शारीरिक दिव्यांगता के श्रेणी में विचार किया जाएगा। यदि आरक्षित श्रेणियों के तहत् उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं तो उन सीटों को अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों से भरा जाएगा। नैदानिक मनोविज्ञान में पी.एचडी. पाठ्यक्रम में कोई भी आरक्षण नहीं है।

ओ.बी.सी. श्रेणी के तहत् आरक्षण का लाभ चाहने वाले उम्मीदवारों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 13.09.2017 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/1/2013-Estt.(Res.) या इसके उपरांत जारी ज्ञापन संख्या के अनुसार प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के तहत् आरक्षण का लाभ चाहने वाले उम्मीदवारों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-Estt.(Res.) या इसके उपरांत जारी ज्ञापन संख्या के अनुसार आय एवं परिसंपति प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

वैसे उम्मीदवार जिन्हें अंक पत्र ग्रेड प्रणाली के अनुसार प्रदान किया जाता है उन्हें इस पाठ्यक्रम में चयन के लिए योग्य होने हेतु अपने विश्वविद्यालय के अंकों का प्रतिशत जमा करना होगा।

सभी प्रमाण पत्रों को स्कैन करके, जैसे– अंक पत्र, प्रशंसा पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र/ दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) आदि आवेदन के साथ अपलोड करें। इसके अतिरिक्त सभी उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि साक्षात्कार के दिन प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु अपने मूल प्रमाण पत्र साथ में लायें। यदि कोई उम्मीदवार मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हों तो उसे संबंधित संस्थान/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसके सभी मूल/निम्नलिखित मूल प्रमाण पत्र उस संस्थान/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में जमा है।

आवेदन पत्र इंटरनेट से इलेक्ट्रॉनिक रूप में सी.आई.पी. के वेबसाइटः www.cipranchi.nic.in पर **15 अप्रैल 2025 तक या उससे पहले** जमा किया जाना चाहिए। कृपया परीक्षा शुल्क का भुगतान सिर्फ ऑन–लाईन विधि से करें। प्रिन्टेड फॉर्म (हार्ड कॉपी) को भेजने की आवश्यकता नहीं है, उस पर विचार नहीं किया जाएगा। यह ध्यान दिया जा सकता है कि उम्मीदवार को पहली पसंद के केंद्र में समायोजित किया जाएगा लेकिन सीबीटी के केंद्र का अंतिम आवंटन उम्मीदवार द्वारा दर्ज की गई तीन प्राथमिकताओं में से उस समय प्रचलित लॉजिस्टिक्स के आधार पर तय किया जाएगा।

<u>परीक्षा शुल्क –</u>

**क. – अनारक्षित, और ई.डब्ल्यू.एस. के उम्मीदवारों के लिए रु. 1000/–**

**ख. – अ.पि.वर्ग, अनु.जाति और अनु.ज.जाति के उम्मीदवारों के लिए रु. 500/–**

'''संव्यवहार शुल्क (ट्रान्जेक्शन चार्ज) डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यू.पी.आई. पेमेन्ट, नेट बैंकिग एवं मोबाईल वैलेट के द्वारा भुगतान किए गए उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त होगा। कृपया ध्यान दें कि परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (non-refundable) है।

आवश्यक दिशा निर्देश के साथ प्रावरण पत्र एवं प्रवेश पत्र सी.आई.पी. की वेबसाइट पर दिनांक **17 अप्रैल 2025** से उपलब्ध होंगे। उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र एवं प्रावरण पत्र डाउनलोड एवं प्रिन्ट कर इसे परीक्षा केन्द्र में एक वैद्य प्रमाण पत्र ( आधार कार्ड / वोटर आई.डी. कार्ड/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट ) के साथ लाएँ। परीक्षार्थी को किसी भी इलेक्ट्रानिक संचार उपकरणों जैसे– मोबाइल, पेजर आदि के साथ परीक्षा हॉल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन उपकरणों के साथ पकड़े जाने पर उन्हें परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा। यदि परीक्षार्थी इन उपकरणों के साथ आते हैं तो वे इसे परीक्षा हॉल के बाहर रखने की स्वयं व्यवस्था कर लेंगे। इसका सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

ऑन–लाईन फॉर्म हमारे वेबसाईट (www.cipranchi.nic.in) पर **19 मार्च 2025** से उपलब्ध होगा। उम्मीदवारों की कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) **27 अप्रैल 2025** को एवं साक्षात्कार/व्यावहारिक के लिए **13 से 15 मई 2025** को केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सी.आई.पी.) राँची में आयोजित होगा। शैक्षणिक सत्र **2 जून 2025** से प्रारम्भ होगा। पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि **30 जून 2025** है। उम्मीदवारों को यह सुझाव दिया जाता है कि वे उचित जानकारी एवं निर्देश के लिए समय–समय पर सी.आई.पी. की वेबसाइट (www.cipranchi.nic.in) को देखते रहें। कृपया संबंधित पाठ्यक्रम की विवरणिका डाउनलोड करें तथा आवेदन पत्र भरने से पहले इसे सावधानी पूर्वक पढ़ लें। स्नातकोत्तर छात्रों के लिए संस्थान के पास 210 बिस्तरों का छात्रावास है।

नोट : उम्मीदवारों को यह सुझाव दिया जाता है कि वे उचित जानकारी एवं निर्देश के लिए समय–समय पर सी.आई.पी. की वेबसाइट (www.cipranchi.nic.in) को देखते रहें।

**इस संस्थान में रैगिंग पूरी तरह से निषिद्ध है एवं किसी को भी रैगिंग और/अथवा रैगिंग के लिए उकसाने का दोषी पाए जाने पर उचित सजा दी जा सकती है।**

18/03/2025

निदेशक

**केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान**